[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, गुरुवार, 02 जुलाई 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 5 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 247, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**{अनमोल वचन}**

गर्व लक्ष्य को पाने के लिए किए गए प्रयत्न में निहित है, ना की उसे पाने में।

लोकमंथन-2026 से वैश्विक ... 02

05 डिजिटल भविष्य के निर्माण ...

## 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन में कई डिजिटल पहल का शुभारंभ

# डिजिटल नवाचार से बदलेगा राजस्थान का प्रशासनिक परिदृश्य: भजनलाल शर्मा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि तकनीक केवल सुविधाओं का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन और जनकल्याण का सशक्त आधार बन चुकी है। डिजिटल शासन का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी नागरिक विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे, इसी उद्देश्य के साथ राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), जन-धन, आधार और मोबाइल जैसी पहलों ने योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंचाकर बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी है।

मुख्यमंत्री बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित दो दिवसीय 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ई-गवर्नेंस को सरल, प्रभावी और किफायती बनाया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डेटा विश्लेषण, डिजिटल अवसंरचना और साइबर सुरक्षा जैसी आधुनिक तकनीकें शासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और नागरिक-केंद्रित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान संपर्क आज जन-अभियोगों के प्रभावी निस्तारण का मजबूत मंच बन चुका है, जहां प्रतिमाह ढाई से तीन लाख शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी राजस्थान संपर्क के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा करते हैं। राज्य सरकार ने राजस्थान एआई-एमएल नीति 2026 लागू कर प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और












उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग का मार्ग प्रशस्त किया है। इसके साथ ही एवीजीसी एवं एक्सआर नीति लागू कर एनीमेशन, गेमिंग, विजुअल इफेक्ट्स और डिजिटल तकनीकों के क्षेत्र में युवाओं के लिए नए अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।

उन्होंने कहा कि राजस्थान देश के अग्रणी स्टार्टअप राज्यों में तेजी से उभर रहा है। पिछले दो वर्षों में प्रदेश में स्टार्टअप की संख्या चार हजार से बढ़कर साढ़े आठ हजार से अधिक हो गई है। निवेश 250 करोड़ रुपये से बढ़कर एक हजार करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है, जबकि रोजगार सृजन का आंकड़ा 22 हजार से बढ़कर 47 हजार से अधिक हो चुका है। नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 9 इन्क्यूबेशन सेंटर और 65 लॉन्चपैड स्थापित किए गए हैं तथा आई-स्टार्ट कार्यक्रम के माध्यम से हजारों युवाओं को उद्यमिता से जोड़कर स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण और विद्यालय स्तर तक डिजिटल ढांचे को मजबूत करने के लिए व्यापक कार्य किए गए हैं। प्रदेश में 65 आई-स्टार्ट लॉन्चपैड नेस्ट स्थापित कर 1.28 लाख से अधिक विद्यार्थियों को नवाचार और उद्यमिता से जोड़ा गया है। डिजिटल अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने के लिए 1,686 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क का विस्तार किया गया है, जिससे हजारों सरकारी भवन जुड़े हैं। वहीं 3,200 से अधिक ग्राम पंचायतों में 12,500 से अधिक हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्शन स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा प्रदेश में 79 हजार से अधिक ई-मित्र केंद्रों के माध्यम से 900 से अधिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए एआई आधारित फोटो सत्यापन और ई-केवाईसी जैसी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। साइबर हमलों और ऑनलाइन धोखाधड़ी से निपटने के लिए आधुनिक साइबर लैब और साइबर रेंज प्लेटफॉर्म विकसित किए गए हैं। वहीं नागरिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से सार्वजनिक स्थानों और शैक्षणिक संस्थानों में 25 हजार से अधिक निगरानी कैमरे लगाए गए हैं। डिजिटल पहचान और आधार सत्यापन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान भी प्राप्त हुआ है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजस्थान लैंग्वेज मॉडल ट्रेनिंग हैकाथॉन, स्मार्ट राजस्थान परियोजना, राजस्थान इनोवेशन चैलेंज तथा ई-मित्र व्हाट्सएप सेवा का शुभारंभ किया। साथ ही डिजिटल राजस्थान कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। सम्मेलन से पहले उन्होंने आरआईसी परिसर में तकनीकी सेवाओं पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन कर विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और ई-गवर्नेंस से जुड़े नवाचारों की जानकारी ली।

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि गवर्नेंस, ई-गवर्नेंस और एआई आधारित गवर्नेंस के माध्यम से आमजन को तेज, बेहतर और अधिक प्रभावी सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि डेटा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभावी उपयोग से शासन व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि, तकनीकी विशेषज्ञ, स्टार्टअप प्रोफेशनल और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## डीजीपी कैलाश मकवाणा से यूएन विमेन इंडिया प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात, महिला सुरक्षा और जेंडर समानता पर चर्चा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा से यूएन विमेन इंडिया की कंट्री रिप्रेजेंटेटिव शोको इशिकावा ने पुलिस मुख्यालय में सौजन्य भेंट की। बैठक में महिला सुरक्षा, जेंडर समानता, सामुदायिक पुलिसिंग, साइबर अपराधों की रोकथाम, नशा मुक्ति, बालिका सुरक्षा और पुलिस-समुदाय सहभागिता को मजबूत बनाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान यूएन विमेन इंडिया की डिप्टी कंट्री रिप्रेजेंटेटिव कांता सिंह, स्टेट रिप्रेजेंटेटिव जोयात्री रे सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

डीजीपी कैलाश मकवाणा ने महिला एवं बालिका सुरक्षा के लिए मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न अभियानों और नवाचारों की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अपराध नियंत्रण के साथ नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग को भी लगातार सशक्त बना रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन मुस्कान के माध्यम से गुमशुदा बच्चों और बालिकाओं को सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया जा रहा है, जबकि सृजन अभियान के तहत आत्मरक्षा प्रशिक्षण, जागरूकता और बाल विवाह, मानव तस्करी तथा महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम पर विशेष कार्य किया जा रहा है।

बैठक में महिलाओं के लिए सामुदायिक पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने, शिकायतों के त्वरित एवं





संवेदनशील निस्तारण, सुरक्षित सार्वजनिक वातावरण तथा महिला सहभागिता बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श हुआ। डीजीपी ने कहा कि महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तकनीक आधारित और संवेदनशील पुलिसिंग को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

उन्होंने प्रदेशव्यापी सेफ क्लिक 2.0 अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही नशे से दूरी है जरूरी अभियान के जरिए युवाओं और समाज को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर जनभागीदारी बढ़ाई जा रही है।

यूएन विमेन इंडिया की कंट्री रिप्रेजेंटेटिव शोको इशिकावा ने महिला सुरक्षा, साइबर जागरूकता,



सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मध्यप्रदेश पुलिस के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने शक्ति कैफे जैसी पुनर्वास पहल, थानों में महिलाओं के लिए विकसित संवेदनशील वातावरण और जेंडर-संवेदनशील पुलिसिंग मॉडल की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में जेंडर-संवेदनशील पुलिसिंग को प्रशिक्षण का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

## पूर्व न्यायाधीश जे.के. रांका ने नारायण सेवा संस्थान की दिव्यांग सेवा गतिविधियों का किया अवलोकन





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं एसोसिएशन ऑफ रिटायर्ड जजेज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.के. रांका ने नारायण सेवा संस्थान के बड़ी स्थित सेवा महातीर्थ परिसर का भ्रमण कर दिव्यांगजन पुनर्वास एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का अवलोकन किया। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने उनका स्वागत करते हुए संस्थान की सेवा यात्रा और विभिन्न प्रकल्पों की जानकारी दी। भ्रमण के दौरान रांका ने निःशुल्क दिव्यांग पुनर्वास, सर्जरी, कृत्रिम अंग निर्माण, कौशल विकास, शिक्षा, स्वरोजगार एवं सामाजिक पुनर्वास से जुड़े कार्यों का निरीक्षण किया।

उन्होंने संस्थान की आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं और सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा कि नारायण सेवा संस्थान मानवता की सच्ची सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। यहां एक ही छत के नीचे जरूरतमंदों के लिए अनुकरणीय कार्य किए जा रहे हैं।

रांका ने कहा कि मानव सेवा सर्वोच्च धर्म है और ऐसे सेवा प्रकल्प पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने संस्थान की निरंतर प्रगति एवं जनकल्याण की कामना की।

## 81 प्रतिशत सड़क कंक्रीटीकरण कार्य पूरा, वर्षाजल संरक्षण के लिए 681 सोख्ता गड्ढों का निर्माण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई।** बृहन्मुंबई महानगरपालिका द्वारा शहर को गड्ढामुक्त और टिकाऊ सड़कें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित सड़क कंक्रीटीकरण परियोजना के तहत अब तक 700 किलोमीटर में प्रस्तावित सड़कों में से 576 किलोमीटर का कार्य पूरा कर लिया गया है। यह कुल लक्ष्य का लगभग 81 प्रतिशत है। परियोजना के साथ वर्षाजल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा देने के लिए अब तक मुंबई शहर, पूर्वी उपनगर और पश्चिमी उपनगर में कुल 681 सोख्ता गड्ढों का निर्माण भी पूर्ण किया जा चुका है।

महानगरपालिका आयुक्त अश्विनी भिडे के मार्गदर्शन में संचालित इस परियोजना का उद्देश्य केवल गड्ढामुक्त सड़कें तैयार करना ही नहीं, बल्कि वर्षा जल निकासी व्यवस्था को भी अधिक प्रभावी बनाना है। अतिरिक्त महानगरपालिका आयुक्त (परियोजना) अभिजीत बांगर ने बताया कि कंक्रीटीकरण कार्य के दौरान वर्षा जल के प्राकृतिक निकास और भूजल पुनर्भरण को विशेष महत्व दिया गया है। सोख्ता गड्ढों के माध्यम से वर्षा का पानी जमीन में समाहित होगा, जिससे जल निकासी तंत्र पर




दबाव कम होगा और भूजल स्तर बनाए रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि सोख्ता गड्ढों में पत्थर, गिट्टी और रेत जैसी छनन सामग्री का उपयोग किया जाता है। सड़कों और नालियों का वर्षाजल इन गड्ढों तक पहुंचाकर धीरे-धीरे भूमि में प्रवाहित किया जाता है। इससे जलभराव की समस्या कम होगी और अतिवृष्टि के दौरान भी जल निकासी व्यवस्था अधिक प्रभावी बनी रहेगी।

महानगरपालिका के अनुसार कंक्रीटीकरण परियोजना से मुंबई की यातायात व्यवस्था अधिक सुरक्षित, सुगम



और टिकाऊ बन रही है। कंक्रीट सड़कें लंबे समय तक उपयोगी रहती हैं तथा उनमें वर्षा के दौरान गड्ढे बनने की संभावना बेहद कम होती है, जिससे रखरखाव पर होने वाला खर्च भी घटता है।

महानगरपालिका ने बताया कि शेष सड़कों के कंक्रीटीकरण कार्य के साथ-साथ अतिरिक्त सोख्ता गड्ढों का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे पूरे महानगर में वर्षाजल प्रबंधन प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।





## खबर संक्षेप

### दौसा एक्सप्रेसवे हादसे पर राज्यपाल ने जताया शोक

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने दिवंगतों की पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ईश्वर से परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। साथ ही राज्यपाल ने हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की।

### शिल्पग्राम में 5 जुलाई को होगा नाटक पापा भाग गए का मंचन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के अंतर्गत रविवार 5 जुलाई को ह्यपापा भाग गए नाटक का मंचन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने बताया की प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के अंतर्गत पीपुल्स मीडिया थिएटर जयपुर द्वारा पापा भाग गए नाटक का मंचन रविवार 5 जुलाई को सायं 7 बजे शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में किया जाएगा। इस नाटक के लेखक एवं निर्देशक अशोक राही हैं। इस कार्यक्रम में आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

### लायंस क्लब उदयपुर लेकसिटी को 9 प्रतिष्ठित सम्मान

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** लायंस क्लब उदयपुर लेकसिटी ने लायन वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट सेवा कार्यों एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के आधार पर जिला स्तर पर 9 प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किए। क्लब अध्यक्ष लायन सिद्धार्थ चतुर के नेतृत्व में वर्षभर स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सेवा से जुड़े अनेक अभियान संचालित किए गए। क्लब प्रवक्ता डॉ. मीना बाबेल ने बताया कि उत्कृष्ट सम्मान लायन सिद्धार्थ चतुर एवं लायन यतीन्द्र सिंह बाबेल को प्रदान किया गया। विशिष्ट सम्मान लायन दीपेन्द्र सिंह, लायन दीपक हिंगड़, लायन के. जी. मुंदड़ा तथा लायन वर्धमान मेहता को मिला। वहीं कृतज्ञता सम्मान से लायन प्रमोद चौधरी एवं लायन मनीष शर्मा को सम्मानित किया गया। इसके अलावा क्लब को जिला गवर्नर भ्रमण गतिविधि सम्मान भी प्रदान किया गया। क्लब सदस्यों ने इस उपलब्धि को सामूहिक सेवा भावना और टीमवर्क का परिणाम बताते हुए भविष्य में भी समाजसेवा के क्षेत्र में इसी समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

### वीबी-जी राम जी योजना का जिला स्तरीय शुभारंभ आज

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी राम जी) योजना का जिला स्तरीय शुभारंभ 2 जुलाई को गिर्वा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पीपलवास में होगा। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### अल्पसंख्यक समुदाय के लिए ऋण आवेदन आमंत्रित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** अल्पसंख्यक समुदाय के पात्र युवाओं और विद्यार्थियों से व्यावसायिक एवं शिक्षा ऋण योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक एनएमडीएफसी के मिलान पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

### जलापूर्ति का समय बदला

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पाइपलाइन मरम्मत कार्य के चलते गुरुवार को छिपा कॉलोनी टंकी क्षेत्र की शाम की जलापूर्ति दोपहर 1 बजे की जाएगी, जबकि कोर्ट परिसर की दोपहर की जलापूर्ति शाम को होगी।

### कई क्षेत्रों में जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

**उदयपुर।** प्रताप नगर क्षेत्र में वाल्व मरम्मत कार्य के कारण गांधी नगर, आम्रपाली, उत्तरी सुंदरवास, खेमपुरा सहित कई क्षेत्रों में गुरुवार की जलापूर्ति एक दिन के लिए प्रभावित रहेगी।

## खबर संक्षेप

### महिला सुरक्षा संकल्प अभियान शुरू, पुलिस ने किया जागरूक

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत राजसमंद पुलिस ने पुलिस लाइन में संपर्क सभा एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित कर पुलिसकर्मियों, सुरक्षा सखियों, महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला बीट अधिकारी योजना, कालिका पेट्रोलिंग, पॉक्सो अधिनियम और साइबर सुरक्षा पर भी जागरूक किया गया। साथ ही ऑनलाइन वेबिनार में डिजिटल सुरक्षा और साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए गए। अभियान 1 से 29 जुलाई तक जिलेभर में संचालित किया जाएगा।

**ऑपरेशन सुदर्शन चक्र–2 में राजसमंद पुलिस की बड़ी सफलता**

### जून में 499 वांछित अपराधी गिरफ्तार

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत राजसमंद पुलिस ने जून माह में बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 499 वांछित और फरार अपराधियों को गिरफ्तार किया। इनमें 283 स्थायी वारंटी, 123 वांछित आरोपी, 84 गिरफ्तारी वारंटी, 11 इनामी अपराधी और 6 मफरूर शामिल हैं। अभियान जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल के नेतृत्व में 1 से 30 जून तक चलाया गया। पुलिस ने साइबर सेल, तकनीकी संसाधनों और मुखबिर तंत्र की सहायता से लंबे समय से फरार अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

### ग्रामीण सेवा शिविर में महिलाओं को दी सुरक्षा, अधिकारों और सहायता सेवाओं की जानकारी

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** ग्राम पंचायत पिपलवास में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान महिला अधिकारिता विभाग, जिला प्रशासन एवं जतन संस्थान द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, थाना



नाई की ओर से महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा संबंधी कानूनों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया। महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की सामाजिक परामर्शदाता संगीता पालीवाल ने महिलाओं को केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं, महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा की रोकथाम, निःशुल्क महिला हेल्पलाइन सेवाओं तथा विभिन्न विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से किसी भी प्रकार की पारिवारिक, सामाजिक अथवा कानूनी समस्या की स्थिति में बिना संकोच सहायता लेने तथा उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक, आत्मनिर्भर और अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना रहा। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर जानकारी प्राप्त की।

### अल्पसंख्यक समुदाय के लिए ऋण आवेदन शुरू, ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम ने वर्ष 2026-27 के लिए व्यावसायिक ऋण एवं शिक्षा ऋण योजनाओं के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसी और जैन समुदाय के पात्र आवेदक मिलान पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। व्यावसायिक ऋण स्वरोजगार तथा शिक्षा ऋण तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध होगा।

### उचित मूल्य दुकानों के आवेदन की अंतिम तिथि अब 8 जुलाई तक

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** जिले की 11 रिक्त एवं नवसृजित उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 8 जुलाई 2026 कर दी गई है। जिला प्रशासन ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया और अन्य शर्तें पूर्ववत रहेंगी। पात्र अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित प्रारूप में आवेदन जिला रसद अधिकारी कार्यालय, सलूम्बर में जमा कर सकते हैं।

लोककला, संस्कृति, विचार और राष्ट्र निर्माण पर होगा मंथन, आयोजन की सफलता के लिए हरसंभव सहयोग देगी राज्य सरकार

# लोकमंथन-2026 से वैश्विक मंच पर और मजबूत होगी राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान: मुख्यमंत्री

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान शक्ति, भक्ति, विचार, वीरता, संस्कृति और लोक परंपराओं की समृद्ध भूमि है। यहां की लोककला, संत परंपरा और साहित्यिक विरासत भारतीय संस्कृति की विविधता को विश्व पटल पर नई पहचान देती है। उन्होंने कहा कि लोकमंथन-2026 का आयोजन राजस्थान में होना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है और राज्य सरकार इस राष्ट्रीय आयोजन की सफलता के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री बुधवार को जयपुर के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित लोकमंथन-2026 के कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकमंथन का उद्देश्य राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से प्रेरित विचारकों, लोक कलाकारों, कारीगरों, शिक्षाविदों, नीति निमार्ताओं और युवाओं को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है। इस बार आयोजन भारतीय सभ्यता के वैश्विक संवाद का माध्यम बनेगा, क्योंकि इसमें दुनिया के विभिन्न देशों से भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। इससे राजस्थान की सांस्कृतिक प्रतिष्ठा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी।









मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति को राष्ट्र निर्माण का प्रभावी माध्यम बनाया है। उनके नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत, एक भारत श्रेष्ठ भारत, वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया जैसे अभियान देश की सांस्कृतिक शक्ति, पारंपरिक ज्ञान और बौद्धिक क्षमता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का कार्य कर रहे हैं। अयोध्या का राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन का महाकाल लोक और सोमनाथ मंदिर जैसे विकास कार्य भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के सशक्त उदाहरण हैं।

उन्होंने कहा कि लोकमंथन-2026 राजस्थान को राष्ट्रीय और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में नई पहचान देगा। यह आयोजन भारतीय सांस्कृतिक चेतना, बौद्धिक शक्ति और राष्ट्र प्रथम के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने सभी से इस आयोजन को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत का सांस्कृतिक इतिहास विश्व का सबसे प्राचीन इतिहास है और लोकमंथन भारतीय समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि हम भारत के लोग केवल आयोजन की थीम नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक भावना और संकल्प का प्रतीक है।

प्रज्ञा प्रवाह समिति के संयोजक जे. नंद कुमार ने कहा कि लोकमंथन समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर भारतीय जीवन मूल्यों पर सार्थक संवाद स्थापित करने का माध्यम है। कार्यक्रम में लोकमंथन-2026 की वेबसाइट का लोकार्पण किया गया तथा जे. नंद कुमार द्वारा लिखित पुस्तक फोक से परे लोक का विमोचन भी हुआ। इस अवसर पर राजस्थान के लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर कर दिया।

## राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर जायंट्स ग्रुप ऑफ रॉयल लेडीज ने चिकित्सकों का किया सम्मान, जेल में स्वास्थ्य शिविर भी लगाया

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जोधपुर।** राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के अवसर पर जायंट्स ग्रुप ऑफ रॉयल लेडीज ने फेडरेशन ऑफिसर निरूपा पटवा के नेतृत्व में चिकित्सकों का सम्मान कर उनके समाज के प्रति योगदान को नमन किया। इस अवसर पर मथुरादास माथुर अस्पताल के चिकित्सकों डॉ. अरविंद चौहान, डॉ. रानू शर्मा, डॉ. सिमरन सिंह सहित अन्य डॉक्टरों का माला एवं उपरणा पहनाकर अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष तारा सोलंकी एवं सचिव पूनम राठी ने चिकित्सकों को डॉक्टर दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉक्टर मानवता की सेवा का सबसे श्रेष्ठ उदाहरण हैं। उनके समर्पण, दया, करुणा और निस्वार्थ सेवा भाव के कारण असंख्य लोगों को नया जीवन मिलता है। समाज उनके योगदान का सदैव ऋणी रहेगा।





फेडरेशन ऑफिसर निरूपा पटवा ने बताया कि संस्था की ओर से इसी अवसर पर सेंट्रल जेल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 150 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकता अनुसार उन्हें निःशुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया।

शिविर के दौरान जेल अधीक्षक प्रमोद सिंह शेखावत, जेलर डॉ. उपेंद्र सिंह, उप जेलर कालूराम एवं सुखबीर सिंह ने निरूपा पटवा एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त करते हुए इस सेवा कार्य की सराहना की।

कार्यक्रम में मंजू अग्रवाल, शालू गोलिया, अंकिता परिहार सहित संस्था की अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं। संस्था की ओर से बताया गया कि जायंट्स ग्रुप ऑफ रॉयल लेडीज वर्षभर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े सेवा कार्य निरंतर संचालित करता है।

## महानगरपालिका में मनाई गई पूर्व मुख्यमंत्री वसंतराव नाईक की जयंती



**मुंबई @ पदमावत मीडिया।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरित क्रांति के प्रणेता वसंतराव नाईक की जयंती बुधवार को बृहन्मुंबई महानगरपालिका मुख्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर महापौर कक्ष में स्थापित वसंतराव नाईक के चित्र पर महापौर रितू तावडे ने पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में सभागृह नेता गणेश खणकर, सह आयुक्त (वित्त) देविदास क्षीरसागर, महानगरपालिका सचिव मनोज कांबळे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने वसंतराव नाईक के योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 2 जुलाई को विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगेंगे ग्रामीण सेवा शिविर

**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार 2 जुलाई को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविर बसेड़ा, गोठड़ा, जुनाबोरिया, बावड़ी, फतेहगढ़, सालमगढ़, केसरपुरा, अचलपुर और नकोर ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे।

### नाथद्वारा थाना में 18 मामलों की 300 लीटर जब्त शराब नष्ट

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** लंबित मालखाना निस्तारण अभियान के तहत नाथद्वारा थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आबकारी अधिनियम के 18 प्रकरणों में जब्त करीब 300 लीटर अंग्रेजी, देशी और हथकड़ शराब का नियमानुसार निस्तारण किया। कार्रवाई आबकारी विभाग और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में की गई। जिला पुलिस ने बताया कि मालखानों का भार कम करने और लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## ग्रामीण सेवा शिविरों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, हर विभाग तय लक्ष्य समय पर पूरा करे : जिला प्रभारी सचिव

**ग्रामीण सेवा शिविरों की समीक्षा में प्रभारी सचिव ने अधिकारियों को दिए परिणाम आधारित कार्य के निर्देश**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों के प्रभावी संचालन, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रभारी सचिव खजान सिंह ने बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में 22 विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सेवा शिविरों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक विभाग निर्धारित लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूरा करना सुनिश्चित करे। बैठक में प्रभारी सचिव ने सभी विभागों को शिविरों में आमजन को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग के उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदारों से कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करे, ताकि जिला राज्य के औसत से बेहतर प्रदर्शन कर सके।

चिकित्सा विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी सचिव ने गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच, शत-प्रतिशत




टीकाकरण तथा पोषण किट वितरण में और सुधार लाने के निर्देश दिए। वहीं पशुपालन विभाग को पशुओं में रोग नियंत्रण के लिए नियमित स्प्रे, टीकाकरण तथा मंगला पशु बीमा योजना में अधिकाधिक प्रगति सुनिश्चित करने को कहा।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सपेला ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सामुदायिक स्वच्छता परिसरों से संबंधित स्वीकृतियों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को प्रत्येक शिविर स्थल पर पेयजल की गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित करने के लिए भी कहा।

प्रभारी सचिव ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से अपने कार्यों की समीक्षा करें, कमियों की पहचान कर उनमें तत्काल सुधार करें तथा समन्वित प्रयासों से अधिकतम पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। बैठक के अंत में अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. सपेला ने अधिकारियों को शिविरों की उपस्थिति पंजिका निर्धारित प्रारूप में समय पर प्रस्तुत करने तथा मूवमेंट रजिस्टर में नियमित प्रविष्टि के बाद ही शिविर स्थल से प्रस्थान करने के निर्देश दिए।

**ग्रामीण सेवा शिविर कांट का किया निरीक्षण**

बैठक के बाद जिला प्रभारी सचिव खजान सिंह ने कांट ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति एवं लाभ संबंधी पत्र वितरित किए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सेवा शिविरों का उद्देश्य केवल आवेदन प्राप्त करना नहीं, बल्कि अधिकतम समस्याओं का मौके पर समाधान कर आमजन को त्वरित राहत पहुंचाना होना चाहिए।

**एक लाख रुपये की सोने की चेन लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त**

## चेन स्नैचिंग का 10 दिन में खुलासा, पुलिस ने शातिर लुटेरे को दबोचा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की कालाचौकी थाना पुलिस ने महिला से सोने की चेन लूटने की वारदात का महज 10 दिनों में पदार्फाश करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एमएच-01 डीजी-4872 नंबर की मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है, जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार 22 जून 2026 की सुबह करीब 7:45 बजे फरियादी अनामिका रवि आंग्रे (25) करी रोड स्थित वन अविघ्न बिल्डिंग के पास से गुजर रही थीं। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात बदमाश उनके पास पहुंचे और गले से करीब एक लाख रुपये कीमत की 10 ग्राम वजनी सोने की चेन, जिसमें दिल के आकार का लॉकेट लगा हुआ था, झपटकर फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर कालाचौकी पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित



धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने चार विशेष जांच दल गठित किए। घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण तथा मुखबिर तंत्र की सहायता से जांच आगे बढ़ाई गई। जांच के दौरान पुलिस ने मानव सुनील धोटे (19) निवासी शिवाजी नगर, गोवंडी को हिरासत में लिया। उसके साथ एक विधि से संघर्षरत बालक को भी पकड़ लिया गया।

पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी मानव धोटे के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त कर ली। पुलिस अब लूटी गई सोने की चेन बरामद करने और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच में जुटी हुई है।

### राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी-2025 के तहत आवेदन आमंत्रित

**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** रिटेल एवं होलसेल व्यापार को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी-2025 के तहत नए सूक्ष्म व्यापारिक उद्यमों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र की महाप्रबंधक मंजू माली ने बताया कि योजना के तहत 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 5 वर्ष तक ब्याज अनुदान सहित बीमा, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म शुल्क और सीजीटी एमएसई गारंटी फीस का पुनर्भरण किया जाएगा। इच्छुक व्यापारी एसएसओ पोर्टल या जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## मंदिरों के दानपेटी चोरी कांड का पदार्फाश, तीन शातिर आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई @ पदमावत मीडिया।** मुंबई की भोईवाड़ा थाना पुलिस ने मंदिरों की दानपेटियों से नकदी चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई पूरी 9 हजार रुपये की नकदी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार 28 जून 2026 की रात करीब 10 बजे से 29 जून 2026 की सुबह 6 बजे के बीच दादर पूर्व स्थित बायेश्वर महादेव मंदिर में रखी दो दानपेटियों को तोड़कर उनमें रखी करीब 9 हजार रुपये की दानराशि चोरी कर ली गई। घटना की सूचना मिलने पर भोईवाड़ा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के



तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर विशेष जांच टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहित मल्होत्रा खंडागळे (29), आदित्य रमेश प्रसाद (22) तथा साहिल शेख उर्फ मोंट्या के रूप में हुई है।

## खबर संक्षेप

### एमएसईबी के भूमिगत केबल चोरी गिरोह का पदार्फाश, चार आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई @ पदमावत मीडिया।** मुंबई पुलिस की कफ परेड थाना पुलिस ने एमएसईबी के भूमिगत विद्युत केबल चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को



गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 करोड़ 6 हजार रुपये मूल्य का चोरी का माल बरामद किया है। कार्रवाई के दौरान मुंबई के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई सात केबल चोरी की वारदातों का भी खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार 30 जून 2026 को कफ परेड थाना क्षेत्र में भूमिगत विद्युत केबल चोरी की घटना सामने आई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष जांच शुरू की। घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की सहायता से पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोहेल शकील शाह (20), अब्दुल सिद्दीक अहमद शेख (28), रिजवान मेहताब मलिक (24) तथा अफजल हसन खान (35) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने मुंबई के विभिन्न क्षेत्रों में भूमिगत विद्युत केबल चोरी की कई वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 200 मीटर एचटी पावर केबल, दो पिकअप वाहन, एक डंपर, चार मोबाइल फोन सहित अन्य सामान बरामद किया है। जब्त किए गए माल की कुल कीमत 1,00,06,000 रुपये आंकी गई है। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी पहले भी केबल चोरी के मामलों में शामिल रहे हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पहले से भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इस कार्रवाई से चारकोप, राबाले, आरे, वडाला, समतानगर, गोरेगांव और विंडोशी थाना क्षेत्रों में दर्ज कुल सात केबल चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

### डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे पर रक्तदान शिविर, 75 यूनिट रक्त संग्रहित

**नसीराबाद @ पदमावत मीडिया।** रोटरी क्लब नसीराबाद ने डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर रक्तदान शिविर




आयोजित कर रोटरी वर्ष 2026-27 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सीए बृजमोहन अग्रवाल, असिस्टेंट गवर्नर सीए नवनीत राठी, क्लब अध्यक्ष डॉ. विनायक गौड़ एवं सचिव मुकेश मित्तल उपस्थित रहे। प्रोजेक्ट चेयरमैन विजय मेहरा और राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि शिविर में 90 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 75 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर 14 चिकित्सकों एवं 9 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान भी किया गया। साथ ही फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन कर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान की गईं। छावनी परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, चिकित्सकों और अस्पताल स्टाफ ने शिविर में सक्रिय सहयोग दिया। पुलिस उप अधीक्षक किशन कुमार यादव एवं सिटी थाना प्रभारी पंकज कुमार भी पुलिस दल के साथ पहुंचे और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने के साथ डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों का सम्मान किया।

### ग्रामीण सेवा शिविर में महिलाओं को अधिकारों और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**गोगुंदा @ पदमावत मीडिया।** ब्लॉक गोगुंदा की ग्राम पंचायत अम्बावा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जतन संस्थान द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, नाई की ओर से महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। महिला अधिकारिता विभाग की ब्लॉक सुपरवाइजर सीमा चौहान एवं सामाजिक सलाहकार संगीता पालीवाल ने घरेलू हिंसा अधिनियम, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181 तथा महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की सेवाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं से किसी भी प्रकार के अत्याचार या उत्पीड़न की स्थिति में कानूनी सहायता लेने का आह्वान किया। इस दौरान लाडो प्रोत्साहन योजना, शिक्षा सेतु योजना एवं काली बाई भील उड़ान योजना की जानकारी भी दी गई।

# ग्रीन पीपल सोसायटी ने वर्षा ऋतु के लिए तैयार की हरित कार्ययोजना, व्यापक पौधारोपण अभियान चलेगा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** ग्रीन पीपल सोसायटी की मासिक बैठक में आगामी वर्षा ऋतु को लेकर व्यापक पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से बड़े स्तर पर हरित अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।



सोसायटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न ग्राम पंचायतों के विद्यालयों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वर्षा ऋतु में विद्यालयों में लगाए जाने वाले पौधों की आवश्यकता के अनुरूप सूची तैयार कर समय पर पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही सोसायटी द्वारा तैयार पौधारोपण तकनीक संबंधी वीडियो भी विद्यालयों में प्रसारित किए जाएंगे, ताकि विद्यार्थी एवं शिक्षक वैज्ञानिक पद्धति से पौधारोपण कर सकें।

बैठक में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत ग्राम पंचायतों को आवंटित लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण के लिए अग्रिम मृदा कार्य समय पर पूरा कराने तथा पंचायत समिति बड़गांव क्षेत्र के विद्यालयों का चयन करने का निर्णय लिया गया।

राहुल भटनागर ने बताया कि पिपलांत्री ग्राम में कार्बन क्रेडिट का सफल प्रकल्प पूरा किया जा चुका है। इसी अनुभव के आधार पर भविष्य में कार्बन क्रेडिट और जलवायु संरक्षण से जुड़े नवाचारों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी बर्ड फेस्टिवल का आयोजन उदयपुर और जयपुर के साथ पहली बार माउंट आबू में भी किया जाएगा। इसके लिए अलग कार्यकारिणी गठित कर तैयारियां प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।

सोसायटी के वार्षिक कार्य कैलेंडर को अंतिम रूप देते हुए वर्षभर आयोजित होने वाले प्रमुख पर्यावरणीय दिवसों एवं अभियानों की रूपरेखा तैयार की गई। इनमें जनजागरूकता अभियान, पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम, विश्व वन्यजीव दिवस, पक्षी महोत्सव, पैडल टू जंगल सहित विभिन्न गतिविधियों के सफल आयोजन की रणनीति बनाई गई।

बैठक में ग्रीन पीपल सोसायटी एवं टेरा ब्लू क्लाइमेट टेक्नोलॉजी के मध्य कार्बन क्रेडिट आधारित समझौते की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही बायोचार के माध्यम से ग्रामीणों के लिए आय सृजन की संभावनाओं पर भविष्य में कार्य करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में एस. एन. दवे, डॉ. सतीश शर्मा, सुहेल मजबूर, डॉ. ललित जोशी, प्रताप सिंह चुंडावत, यासीन मोहम्मद पठान, इस्माइल अली दुर्गा, गौरव द्विवेदी, शैली सिंह, जगमाल खंगारोत सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## महिला सुरक्षा संकल्प अभियान का जैसलमेर में शुभारंभ, पुलिसकर्मियों और सुरक्षा सखियों को किया जागरूक

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जैसलमेर।** महिला सुरक्षा संकल्प-2026 अभियान के तहत जैसलमेर पुलिस ने बुधवार को पुलिस लाइन में संपर्क सभा एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा योजनाओं, साइबर अपराधों से बचाव, पॉक्सो अधिनियम, राजकॉप सिटिजन एप तथा महिला एवं बाल हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी देकर पुलिस अधिकारियों, महिला कार्मिकों, सुरक्षा सखियों और बालिकाओं को जागरूक किया गया।




जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में महिला बीट अधिकारी योजना, कालिका पेट्रोलिंग तथा महिला सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने पुलिस कार्मिकों की समस्याएं भी सुनकर उनके समाधान का भरोसा दिलाया। दूसरे चरण में आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं, महिलाओं, सुरक्षा सखियों एवं राजीविका से जुड़ी महिलाओं के साथ ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयदेव सियाग ने महिलाओं को आत्मरक्षा, आत्मविश्वास और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में वृत्ताधिकारी रूपसिंह इंदा, पुलिस उप अधीक्षक प्रेमदान सहित जिले के पुलिस अधिकारी, महिला पुलिसकर्मी एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। पुलिस ने बताया कि अभियान के तहत आगामी दिनों में भी जिलेभर में महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## डिजिटल गिरफ्तारी के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी सीबीआई के शिकंजे में

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने डिजिटल गिरफ्तारी के नाम पर साइबर ठगी के एक मामले में हरियाणा के करनाल निवासी आरोपी को गुजरात के राजकोट से गिरफ्तार किया है। आरोपी को 30 जून को गिरफ्तार किया गया। मामला एक वरिष्ठ नागरिक से 25.65 लाख रुपये की साइबर ठगी से जुड़ा है।

सीबीआई के अनुसार यह मामला मध्यप्रदेश पुलिस की राज्य साइबर अपराध शाखा द्वारा दर्ज किया गया था। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में जांच सीबीआई को सौंपी गई, जिसके बाद 11 अप्रैल 2026 को अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला पुनः दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच में सामने आया कि ठगों ने स्वयं को सुरक्षा एवं आतंकवाद निरोधक एजेंसियों का अधिकारी बताकर पीड़िता को फोन किए। आरोपियों ने झूठा दावा किया कि उनके बैंक खाते का उपयोग आतंकवाद से जुड़े मामलों में हुआ है तथा गिरफ्तारी और संपत्ति जब्त करने की धमकी दी। विश्वास दिलाने के लिए फर्जी जब्ती आदेश भी भेजा गया। भय के कारण पीड़िता ने 25.65 लाख रुपये दो अलग-अलग बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिए। सीबीआई ने जांच के दौरान सक्षम न्यायालय के आदेश के आधार पर पीड़िता को 2.65 लाख रुपये वापस दिलाने में भी सफलता प्राप्त की है। सीबीआई ने नागरिकों से अपील की है कि डिजिटल गिरफ्तारी, निवेश के नाम पर धोखाधड़ी तथा सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बनकर किए जाने वाले फोन से सतर्क रहें। किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ बैंक खाते की जानकारी, पासवर्ड, एकबारगी सत्यापन संख्या या अन्य गोपनीय वित्तीय जानकारी साझा न करें। साइबर अपराध से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध सहायता संख्या 1930, राष्ट्रीय साइबर अपराध शिकायत पोर्टल अथवा निकटतम पुलिस थाने में देने की अपील की गई है।

## ग्रामीण सेवा शिविर बना महिला सशक्तिकरण का मंच, महिलाओं को मिली अधिकारों और योजनाओं की जानकारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**गोगुंदा।** ब्लॉक गोगुंदा की ग्राम पंचायत पाड़ेलो का चौरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर महिलाओं के लिए जागरूकता और सशक्तिकरण का प्रभावी मंच बना। जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित कार्यक्रम में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा सेवाओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में महिला अधिकारिता विभाग की ब्लॉक सुपरवाइजर सीमा चौहान तथा महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की सामाजिक सलाहकार संगीता पालीवाल ने घरेलू हिंसा अधिनियम, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181 तथा महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की सेवाओं की जानकारी



देते हुए महिलाओं को किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या भेदभाव की स्थिति में कानूनी सहायता लेने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि केंद्र में पारिवारिक विवादों का आपसी समझाइश से समाधान कराने के साथ जरूरत पड़ने पर कानूनी मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम में महिलाओं को लाडो प्रोत्साहन योजना, शिक्षा सेतु योजना तथा काली बाई भील उड़ान योजना के बारे में भी जानकारी दी गई। वहीं ग्राम साथिन कूकी बाई ने माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर जानकारी देते हुए महिलाओं और किशोरियों को स्वच्छता अपनाने तथा सैनिटरी नैपकिन के नियमित उपयोग के लिए प्रेरित किया।

## राष्ट्रीय आइस स्केटिंग चैंपियनशिप में चमकी उदयपुर की मायरा, जीते रजत और कांस्य पदक

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** देहरादून स्थित विश्वस्तरीय हिमाद्रि आइस रिंक में आयोजित 21वीं राष्ट्रीय आइस स्केटिंग चैंपियनशिप में उदयपुर की 10 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी मायरा त्यागी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ मायरा ने राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान और उदयपुर का गौरव बढ़ाया है।



रायन इंटरनेशनल स्कूल, उदयपुर की छात्रा मायरा ने देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच बेहतरीन संतुलन, उत्कृष्ट तकनीक, तेज गति और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए कड़ी प्रतिस्पर्धा में दो पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

महज 10 वर्ष की आयु में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दो पदक जीतना मायरा की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उनकी इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

मायरा की इस सफलता से उनके परिवार, विद्यालय और प्रशिक्षकों में हर्ष का माहौल है। खेल प्रेमियों, शिक्षकों, अभिभावकों और शहरवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मायरा त्यागी की उपलब्धि प्रदेश के अन्य बच्चों और युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गई है। उनकी सफलता से आइस स्केटिंग सहित विभिन्न खेलों में प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का नया उत्साह मिलेगा।

## उदयपुर पुलिस की संवेदनशील पहल, अब बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को नहीं चढ़नी पड़ेगी सीढ़ियां

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भूतल पर विशेष सुविधा शुरू, पुलिसकर्मी स्वयं संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे आवेदन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। आमजन को अधिक सहज, सम्मानजनक और जनहितैषी पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में उदयपुर पुलिस ने सराहनीय पहल की है। अब जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय आने वाले वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को अपनी शिकायत या आवेदन देने के लिए सीढ़ियां चढ़ने की आवश्यकता नहीं होगी। उनकी सुविधा के लिए कार्यालय के भूतल पर ही विशेष बैठक एवं सहायता व्यवस्था शुरू की गई है, जहां से पुलिसकर्मी स्वयं उनका आवेदन संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार शुरू की गई इस व्यवस्था का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों और




दिव्यांगजनों को पुलिस कार्यालय में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, यह सुनिश्चित करना है। इसके तहत भूतल पर विशेष प्रतीक्षा एवं बैठक स्थल बनाया गया है, जहां आगंतुक आराम से बैठ सकेंगे। यदि उनके साथ कोई परिजन मौजूद है तो वह संबंधित शाखा या अधिकारी तक आवेदन पहुंचा सकेगा, जबकि अकेले आने वाले बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की पूरी सहायता के लिए पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात कार्मिक ऐसे सभी आगंतुकों के आवेदन संबंधित अधिकारी तक पहुंचाने के साथ आवश्यक मार्गदर्शन और सहायता भी उपलब्ध कराएंगे। इस व्यवस्था से बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को अनावश्यक आवाजाही और शारीरिक परेशानी से राहत मिलेगी तथा उनकी शिकायतों का निस्तारण पहले की तरह नियमित प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। उदयपुर पुलिस ने बताया कि फिलहाल यह व्यवस्था वैकल्पिक रूप से शुरू की गई है, जिसे शीघ्र ही स्थायी स्वरूप दिया जाएगा। पुलिस का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए पुलिस सेवाओं को अधिक सुलभ, संवेदनशील और बाधारहित बनाना है, ताकि हर व्यक्ति सम्मान के साथ अपनी बात पुलिस तक पहुंचा सके।

## पूणिमा के अवसर पर ग्रुप के सदस्यों ने की प्रभु भक्ति





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com
संवाददाता : माणकमल भंडारी

**भीनमाल ।** राजेन्द्र पूनम ग्रुप के सदस्य दिनेश तातेड ने बताया कि द्वितीय जेठ सुदी पूर्णिमा के अवसर पर आदाणी तीर्थ यात्रा का लाभ लेते हुए देवो की पूजा अर्चना की । बैगलूरू से भक्तगण पेद्दतुम्बलम् तीर्थ यात्रा पर गये । वहां पर पार्श्वमणि पार्श्वनाथ भगवान की दिन भर सेवा पूजा की। गुरु भक्तों ने विशेष रूप से देवो की पूजा अर्चना का लाभ लिया । इस यात्रा के आयोजन का लाभ भी सामुहिक रूप से लिया जाता है । वहां सभी लोगों ने प्रभु भक्ति का आनंद उठाया । इस दौरान नये नये भक्तों का जुडाव हो रहा है । जिसमें युवा, जवान, महिला, बच्चे एवं वरिष्ठ नागरिक भी सम्मिलित रहे । गर्मी के मौसम को देखते हुए भी भक्त गण अपने मिशन पर डटे रहे तथा उन्होंने प्रभु भक्ति का भरपूर आन्नद उठाया। तीर्थ यात्रा के दौरान सभी लोगों ने अपने अपने हिसाब से प्रभु भक्ति एवं गुरु भक्ति में संलग्न रहें। संस्था के मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर गणेशमल लुणीया मुथा, मनोरमल, रमेशकुमार, चम्पालाल श्रीश्रीमाल, रमेश बालर, उतमचन्द, विजय, दिलीप कांकरीया, अनीलकुमार, मनीषकुमार, तिकमचन्द, रविन्द्र मोदी, पृथ्वीराज लुंकड, रमेश ओटवाल, जुगराज भंडारी, रमेश सोलंकी, दिलीप, निखिल, पारसी, प्रकाश भंडारी, बाबूलाल, किशोरमल कबदी, महेंद्रकुमार, कान्तीलाल वेदमूथा, हितेंद्रकुमार, जितेन्द्रकुमार नाहर, विशाल जैन, ललित जैन, संगीता देवी, कमलादेवी सहित कई सुश्रावक एवं सुश्राविका उपस्थित रहे ।

## सीबीआई ने रिश्वतखोरी मामले में हरियाणा कैडर के आईपीएस अधिकारी को किया गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने रिश्वतखोरी के एक मामले में वर्ष 2012 बैच के हरियाणा कैडर के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी दीपक गहलावत को गिरफ्तार किया है। वर्तमान में वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो में तैनात हैं। सीबीआई के अनुसार इस मामले में 8 जून 2026 को दिल्ली पुलिस के निरीक्षक प्रदीप सिंह तथा दो निजी व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया था।

जांच के दौरान सामने आया कि आईपीएस अधिकारी दीपक गहलावत ने दावा किया था कि वह अपने प्रभाव का उपयोग कर पुडुचेरी में नकली दवाओं की बिक्री से जुड़े उन मामलों में राहत दिला सकते हैं, जिनकी जांच सीबीआई कर रही



है। इसके बदले उन्होंने अवैध धनराशि की मांग की थी।

इस मामले में इससे पहले सीबीआई दिल्ली पुलिस के निरीक्षक प्रदीप सिंह सहित छह अन्य निजी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

कार्रवाई के दौरान लगभग 25 लाख रुपये की ट्रैप राशि, 90 लाख रुपये नकद तथा कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई थी। आईपीएस अधिकारी से जुड़े विभिन्न ठिकानों पर सीबीआई ने तलाशी अभियान चलाया, जहां से कई डिजिटल उपकरण, हार्ड डिस्क और महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

सीबीआई ने बताया कि मामले की जांच जारी है और पूरे प्रकरण के विभिन्न पहलुओं की गहन पड़ताल की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण सेवा शिविर में 20 परिवारों को मिले आवासीय पट्टे

सलूंबर @ पदमावत मीडिया। सराड़ा पंचायत समिति की डिंगरी ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में 20 पात्र



परिवारों को आवासीय पट्टे वितरित किए गए। वर्षों से भूमि स्वामित्व की प्रतीक्षा कर रहे लाभार्थियों को पट्टे मिलने से अब पक्के आवास और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। ग्रामीणों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए शिविर को राहत का प्रभावी माध्यम बताया।

### ग्रामीण सेवा शिविर में हितग्राही को मिला 2 लाख जीवन बीमा सुरक्षा कवच

सलूंबर @ पदमावत मीडिया। लसाड़िया ब्लॉक की टेकन ग्राम पंचायत में आयोजित



ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान एक पात्र हितग्राही का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में पंजीकरण कर उसे ?2 लाख के जीवन बीमा सुरक्षा कवच से जोड़ा गया। अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत मात्र ?436 वार्षिक प्रीमियम पर यह बीमा सुविधा उपलब्ध है। शिविर में ग्रामीणों को योजना की जानकारी देकर अधिकाधिक लोगों से इसका लाभ लेने की अपील की गई।

### सेवा शिविर में दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, एकल नारी पेंशन फिर शुरू

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। पीपलवास ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने



पात्र दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की। वहीं दो वर्षों से बंद 66 वर्षीय मेगली की मुख्यमंत्री एकल नारी पेंशन भी पुनः शुरू कर दी गई। लाभार्थियों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि सेवा शिविरों से योजनाओं का लाभ अब सीधे पात्र लोगों तक पहुंच रहा है।

### ग्राम सेवा शिविर में वर्षों पुराना सपना पूरा, पात्र परिवारों को मिले आवासीय पट्टे

भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया। ग्राम पंचायत भरक में आयोजित ग्राम सेवा शिविर



में लंबे समय से आवासीय पट्टों की प्रतीक्षा कर रहे पात्र परिवारों को मौके पर ही पट्टे वितरित किए गए। विधायक लादूलाल पितलिया एवं उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर की उपस्थिति में पांच लाभार्थियों को आवासीय पट्टे सौंपे गए। लाभार्थियों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी सुविधा मिलेगी।

### सेवा शिविर में वनाराम को मिला मालिकाना हक

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। ग्रामीण सेवा शिविरों में आमजन की वर्षों पुरानी समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है। सायरा पंचायत समिति की घणावल ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में वनाराम को स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी कार्ड प्रदान कर मालिकाना हक दिलाया गया। वहीं 65 वर्षीय चेलाराम, जो सात वर्षों से जानकारी के अभाव में वृद्धावस्था पेंशन से वंचित थे, उनका आवेदन मौके पर स्वीकृत कर पेंशन शुरू कर दी गई। लाभार्थियों ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

# विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह एवं प्रशासनिक सेवा मार्गदर्शन सेमिनार के आमंत्रण पत्र का विमोचन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। राष्ट्रीय तीर्थ प्रताप गौरव केंद्र में 12 जुलाई को आयोजित होने वाले विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह एवं प्रशासनिक सेवा परीक्षा मार्गदर्शन सेमिनार के आमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने भाग लिया।

इस अवसर पर डॉ. एच.आर. दवे ने कहा कि यह आयोजन समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने, युवाओं का मार्गदर्शन करने तथा शिक्षा एवं प्रशासनिक सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने समाज के विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं प्रबुद्धजनों से अधिकाधिक



सहभागिता का आह्वान किया।

बैठक में प्रतिभा सम्मान के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया की समीक्षा की गई। पात्र प्रतिभाओं को अधिक अवसर देने के उद्देश्य से आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। आयोजन समिति ने सभी पात्र विद्यार्थियों से आवश्यक दस्तावेजों सहित समय पर पंजीयन कराने की अपील की।

प्रदेश सचिव गणेश नागदा ने समारोह की सफलता के लिए समाज के सभी पदाधिकारियों, प्रबुद्धजनों एवं दानदाताओं से सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह आयोजन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी सिद्ध होगा।

विमोचन समारोह में डॉ. भगवती शंकर व्यास, मधुसूदन पालीवाल, महेंद्र आमेटा, लोकेश पालीवाल, राजेश पालीवाल, दिनेश शुक्ला, दीप्ति मेनारिया, भूपेंद्र श्रीमाली, हेमंत आमेटा, नीरज नागदा, डॉ. मनीष श्रीमाली, डॉ. मनीष तिवारी सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## जिला एवं सेशन न्यायाधीश, कलेक्टर और एसपी ने जिला कारागृह का किया निरीक्षण

राजसमंद @ पदमावत मीडिया। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों तथा सुकन्या शांता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया प्रकरण के अनुपालन में जिला एवं सेशन न्यायाधीश अल्का शर्मा, जिला कलेक्टर



अरुण कुमार हसीजा और पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल ने जिला कारागृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बंदियों से सीधे संवाद कर जातिगत भेदभाव, भोजन, स्वास्थ्य, रहन-सहन एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। बंदियों ने उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण दल ने कारागृह की स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता, आवासीय व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं का भी अवलोकन किया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भारत भूषण पाठक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बंशीलाल सहित अन्य अधिकारी एवं कारागृह स्टाफ मौजूद रहा।

# सफलता की कहानी : प्रशासन की संवेदनशील पहल से घुमंतू कालबेलिया परिवारों का वर्षों पुराना सपना हुआ साकार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

सलूम्बर। वर्षों से आवासीय भूमि के अभाव में घुमंतू जीवन जी रहे कालबेलिया समाज के दो परिवारों के लिए ग्रामीण सेवा शिविर उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आया। ग्राम पंचायत चंद्रोड़ा (तहसील सेमारी) में आयोजित शिविर के दौरान जिला प्रशासन की त्वरित और संवेदनशील पहल से इन परिवारों के स्थायी आवास का मार्ग प्रशस्त हो गया।

ग्रामीण सेवा शिविर में जब दोनों परिवारों ने अपनी समस्या प्रशासन के समक्ष रखी तो शिविर प्रभारी एवं उपखंड अधिकारी सेमारी सर्वेश्वर निम्बार्क ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद तहसीलदार सेमारी डूंगर लाल प्रजापत



ने आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम की धारा 92 के तहत आबादी विस्तार के आदेश जारी किए तथा उसकी प्रति ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराई।

प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से वर्षों से आवासीय भूमि और पट्टे की प्रतीक्षा कर रहे कालबेलिया समाज के दोनों परिवारों के लिए स्थायी आशियाने का सपना साकार होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठ गया। आदेश मिलने के बाद परिवारों में खुशी का माहौल है और उन्होंने राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से जिला प्रशासन लगातार आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान कर संवेदनशील, जवाबदेह और जनकल्याणकारी शासन की अवधारणा को धरातल पर उतार रहा है। यह पहल इस बात का सशक्त उदाहरण है कि प्रशासन की सकारात्मक सोच और त्वरित निर्णय जरूरतमंद परिवारों के जीवन में स्थायी बदलाव ला सकते हैं।

## अतिरिक्त आयुक्त ने कठार ग्राम पंचायत का निरीक्षण, विकास कार्यों की समीक्षा

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त आयुक्त बृजेश कुमार चांदोलिया ने बड़गांव पंचायत समिति की कठार ग्राम पंचायत का निरीक्षण कर स्वच्छ भारत मिशन, विकास कार्यों एवं पंचायत व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने विद्यालय, पिंक टॉयलेट और विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा



जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। वाटी ग्राम पंचायत के औचक निरीक्षण में अनियमितताएं मिलने पर संबंधित ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

## राजस्थान में समान नागरिक संहिता पर जनसुनवाई का आगाज, 13-14 जुलाई को आमजन से लिए जाएंगे सुझाव

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

सलूम्बर। राजस्थान में प्रस्तावित समान नागरिक संहिता को लेकर आमजन की राय जानने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य सरकार के गृह विभाग के निर्देशानुसार गठित समिति जिले के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों सहित सभी संबंधित पक्षों से सुझाव आमंत्रित कर रही है। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक नागरिकों से इस महत्वपूर्ण विषय पर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है। जिला कलेक्टर ने बताया कि इच्छुक नागरिक 10 जुलाई 2026 तक अपने लिखित सुझाव समिति को उपलब्ध करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त 13 एवं 14 जुलाई को जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जहां विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों से सीधे सुझाव लिए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोनों दिनों सुबह 10 बजे से धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के



प्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। दोपहर 12:30 बजे से 2 बजे तक भोजनावकाश रहेगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे से आम नागरिकों की जनसुनवाई होगी, जिसमें कोई भी नागरिक अपनी राय और सुझाव प्रस्तुत कर सकेगा। जिला प्रशासन ने कहा कि समान नागरिक संहिता जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रत्येक नागरिक की सहभागिता महत्वपूर्ण है। नागरिक अपने सुझाव निर्धारित तिथि तक लिखित रूप में उपलब्ध कराने के साथ-साथ समान नागरिक संहिता समिति की वेबसाइट तथा उपलब्ध क्यूआर कोड के माध्यम से भी ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। प्रशासन का मानना है कि अधिक से अधिक जनभागीदारी से नीति निर्माण की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं समावेशी बन सकेगी।

# फूड ब्लॉगर श्वेता ईनाणी लेकर आईं गर्मियों की खास रेसिपी, मैंगो अफसाना बना स्वाद का नया आकर्षण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। फलों के राजा आम का मौसम अपने चरम पर है और इसी के साथ आम से बनने वाले स्वादिष्ट व्यंजनों की भी धूम मची हुई है। उदयपुर की फूड ब्लॉगर श्वेता ईनाणी ने गर्मियों के लिए विशेष पेय मैंगो अफसाना की रेसिपी साझा की है, जो स्वाद, पौष्टिकता और आकर्षक प्रस्तुति का बेहतरीन मेल है। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी के बीच यह पेय तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। श्वेता ईनाणी ने बताया कि मैंगो अफसाना तैयार करने के लिए पके हुए आम, वनीला आइसक्रीम, दूध, शक्कर, इलायची पाउडर तथा काजू-बादाम की कतरन का उपयोग किया जाता है। सबसे पहले आम के कुछ टुकड़ों को दूध, शक्कर और इलायची पाउडर के साथ मिलाकर गाढ़ा मिश्रण तैयार




किया जाता है। इसके बाद परोसने वाले गिलास में आम के टुकड़े, तैयार मिश्रण और वनीला आइसक्रीम की परतें क्रमवार सजाई जाती हैं। अंत में काजू और बादाम की कतरन से सजाकर इसे परोसा जाता है। उन्होंने बताया कि मैंगो अफसाना न केवल स्वाद से भरपूर है, बल्कि गर्मियों में शरीर को ठंडक और ताजगी भी प्रदान करता है। घर पर आसानी से तैयार होने वाला यह पेय पारिवारिक आयोजनों,



बच्चों की पसंद और मेहमानों के स्वागत के लिए भी एक आकर्षक विकल्प है।

श्वेता ईनाणी का मानना है कि मौसमी फलों से तैयार किए जाने वाले व्यंजन स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ-साथ परिवार के भोजन को भी विशेष बना देते हैं। उन्होंने लोगों से घर पर प्राकृतिक फलों से बने पेय और व्यंजनों को अपनाने की अपील की।

# ट्रैक्टर चोरी गिरोह का भंडाफोड़, दो मामले सुलझाकर 7.50 लाख रुपये का माल बरामद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

नांदेड़। नांदेड़ की स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) ने ट्रैक्टर चोरी के दो मामलों का पर्दाफाश करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर 7.50 लाख रुपये मूल्य का चोरी का माल बरामद किया है। पुलिस ने जांच के दौरान चोरी के ट्रैक्टर हेड खरीदने वाले चार लोगों की भी पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. नीलाभ रोहन के निर्देश पर स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक अतुल भोसले के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम को गुप्त सूचना मिली कि ट्रैक्टर चोरी की वारदातों में शामिल एक आरोपी भोकर फाटा क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने शिवओम होटल के पास घेराबंदी कर महेश लक्ष्मण आखात (24), निवासी



सातोना, जिला जालना को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने चचेरे भाई विष्णु रामभाऊ आखात (32) के साथ मिलकर ट्रैक्टर हेड चोरी करने की बात स्वीकार कर ली।

जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने नांदेड़ जिले के अर्धापुर-मालेगांव सहित अन्य स्थानों से ट्रैक्टर हेड चोरी किए थे। पुलिस ने बताया कि चोरी किए गए ट्रैक्टर हेड चार अलग-अलग लोगों को बेच दिए गए थे। इनमें गजानन बालाभाऊ काळे, संदीप दत्तात्रय उगले, सुनील गोविंदराव जयसवाल तथा शहजाद जेडी इरशान जेडी शामिल हैं। पुलिस ने इन सभी से चोरी का माल बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई से अर्धापुर थाना में दर्ज अपराध क्रमांक 268/2026 तथा परली ग्रामीण थाना (जिला बीड) में दर्ज अपराध क्रमांक 263/2026 का खुलासा हो गया है। दोनों मामलों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) के तहत दर्ज प्रकरणों में कुल 7.50 लाख रुपये मूल्य का चोरी का माल जब्त किया गया है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. नीलाभ रोहन, अपर पुलिस अधीक्षक अर्चना पाटील एवं सूरज गुरव के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने की। पुलिस का कहना है कि वाहन चोरी करने वाले गिरोहों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध जल कनेक्शन ईमानदार उपभोक्ताओं के साथ अन्याय : विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

नाथद्वारा/राजसमंद। विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने क्षेत्र में मुख्य पेयजल लाइनों पर हो रहे अवैध जल कनेक्शनों पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे नियमित जल शुल्क जमा करने वाले वैध उपभोक्ताओं के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। अवैध कनेक्शनों के कारण पेयजल आपूर्ति का दबाव और मात्रा कम होने से हजारों परिवारों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

उन्होंने बताया कि खमनोर क्षेत्र में पेयजल परियोजना का संचालन कर रही एजेंसी ने मुख्य लाइन से पानी की चोरी और अवैध कनेक्शनों की शिकायत दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार अवैध कनेक्शन हटाने पहुंचे कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार और धमकाने की घटनाएं भी सामने आई हैं।



विधायक ने कहा कि जल जीवन मिशन के साथ-साथ विधायक निधि एवं अन्य सरकारी योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं, ताकि प्रत्येक परिवार को निर्बाध पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने आमजन से अवैध जल कनेक्शन नहीं लेने और ऐसी गतिविधियों की सूचना संबंधित विभाग को देने की अपील करते हुए प्रशासन से भी दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## दो दिन में घरफोड़ चोरी का खुलासा, बेटे ने नाबालिग सहेली के साथ मिलकर उड़ाए 9.70 लाख रुपये

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

नांदेड़। नांदेड़ जिले की स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) ने नायगांव थाना क्षेत्र में हुई घरफोड़ चोरी की वारदात का महज दो दिन में खुलासा करते हुए आरोपी युवक और विधि से संघर्षरत बालिका को संलिप्तता उजागर की है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान चोरी गई राशि में से 9,36,600 रुपये नकद बरामद कर लिए हैं। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस अधीक्षक डॉ. नीलाभ रोहन के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक अतुल भोसले के निर्देशन में गठित टीम ने गोपनीय सूचना,



तकनीकी विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की। जांच के दौरान फरियादी के पुत्र शुभम कौठकर से पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि शुभम ने अपनी विधि से संघर्षरत नाबालिग सहेली के साथ मिलकर चोरी की साजिश रची थी। उसे पहले से जानकारी थी कि परिवार देवदर्शन के लिए घर से बाहर जाएगा। उसने नाबालिग को घर की अतिरिक्त चाबी रखे जाने का स्थान बताया और यह भी जानकारी दी कि घर में प्लॉट खरीदने के लिए बड़ी रकम रखी हुई है। योजना के अनुसार 26 जून 2026 को परिवार के बाहर जाते ही नाबालिग ने अतिरिक्त चाबी से घर में प्रवेश कर लोहे की पेटी में रखे 9.70 लाख रुपये चोरी कर लिए। शुभम की निशानदेही और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चोरी की नकद राशि में से 9,36,600 रुपये बरामद कर लिए।

## सहकार सप्ताह में कृषक सम्मान दिवस, प्रगतिशील किसान व समितियां सम्मानित

डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया। सहकार सप्ताह के तहत बुधवार को डूंगरपुर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रधान कार्यालय में कृषक सम्मान दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों तथा पैक्स कंप्यूटरीकरण में बेहतर प्रदर्शन करने वाली ग्राम सेवा सहकारी समितियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता और कृषि विभाग के अधिकारी, बैंक कार्मिक, समिति पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : पवन मॉगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। मो. नं. : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।

## खबर संक्षेप

### जैसलमेर के दो जांबाज बाइक राइडर्स ने लद्दाख फतह कर बढ़ाया मरुधरा का मान

**जैसलमेर @ पदमावत मीडिया।** सीमावर्ती जिले जैसलमेर के बाइक राइडर्स अजू राइडर और राज राइडर ने जैसलमेर से लद्दाख तक




की चुनौतीपूर्ण बाइक यात्रा सफलतापूर्वक पूरी कर जिले का गौरव बढ़ाया है। दुर्गम पहाड़ियों, कठिन मौसम और चुनौतीपूर्ण मार्गों को पार कर दोनों सुरक्षित वापस जैसलमेर लौटे। वापसी पर स्थानीय नागरिकों, मित्रों और शुभचिंतकों ने दोनों राइडर्स का फूल-मालाओं से स्वागत कर उनकी इस साहसिक उपलब्धि पर बधाई दी। दोनों राइडर्स की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। उनकी इस यात्रा ने एडवेंचर स्पोर्ट्स और बाइक राइडिंग के प्रति युवाओं में नया उत्साह पैदा किया है।

### बालोतरा पुलिस का विशेष अभियान, 692 वाहनों की जांच

**बालोतरा @ पदमावत मीडिया।** सड़क सुरक्षा को लेकर बालोतरा पुलिस ने जिलेभर में 12 स्थानों पर विशेष नाकाबंदी कर 692 वाहनों की जांच की। अभियान के दौरान बिना



हेलमेट, सीट बेल्ट, काली फिल्म और नियम विरुद्ध नंबर प्लेट सहित यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 102 वाहनों के चालान किए गए। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने के एक मामले में वाहन जब्त किया गया। पुलिस ने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चलाने की अपील की।

### बस-ट्रेलर भिड़े, 8 मौत

**दौसा @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान के दौसा जिले में मंगलवार देर रात बस-ट्रेलर की भिड़ंत हो गई। एक्सीडेंट में 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें 6 लोगों की मौत आग में झुलसने से और 2 की सिर पर चोट लगने के कारण हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एक्सीडेंट कोलवा थाना क्षेत्र में हुआ है। बस ऋषिकेश से इंदौर जा रही थी स्लीपर में मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 40 पैसेंजर्स थे। इनमें 21 लोग घायल भी हैं। 7 मृतकों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। इसके बाद बॉडी परिवार को सौंपी जाएगी। बस में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों का दावा है बस के स्टोरेज बॉक्स में सिगरेट भरी हुई थी। दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा का दावा है कि स्लीपर बस में आग लगने के बाद पैसेंजर्स बाहर ही नहीं निकल सके। इसका बड़ा कारण है बस का इमरजेंसी गेट ही नहीं खुला। बस के पैसेंजर ने बताया कि स्लीपर हंस ट्रेवल्स की थी। मंगलवार शाम करीब 5 बजे बस ऋषिकेश से इंदौर के लिए निकली थी। एक्सीडेंट के तुरंत बाद बस में आग लग गई थी। करीब एक घंटे तक घायलों को कोई मदद नहीं मिली। रेस्क्यू के लिए पहुंचे एक ग्रामीण ने बताया कि आग में फंसे पैसेंजर्स चीख-पुकार रहे थे। आग बुझाने के दौरान बस की डिक्की में सिगरेट से भरे कई बॉक्स नजर आए थे। आशंका है कि इनके कारण आग ज्यादा भडकी थी।

### निगम ने 1 हजार 500 रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूला

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देर्षानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में लालकोठी टीनी टॉयज स्कूल, लालकोठी सब्जीमण्डी, लक्ष्मी मन्दिर, मालवीय नगर सेक्टर-1, हनुमान बगीची किसान कॉलोनी सांगानेर, दादा की फौज मुहाना गांव से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 1 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 6 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में ख्लालकोठी टीनी टॉयज स्कूल, लालकोठी सब्जीमण्डी, लक्ष्मी मन्दिर, मालवीय नगर सेक्टर-1, हनुमान बगीची किसान कॉलोनी सांगानेर, दादा की फौज मुहाना गांव से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया।

#### 43 हजार करोड़ रुपये से अधिक के डेटा सेंटर निवेश प्रस्ताव, स्टार्टअप और एआई क्षेत्र को मिलेगा नया विस्तार

# डिजिटल भविष्य के निर्माण में राजस्थान निभाएगा अग्रणी भूमिका: मुख्यमंत्री

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित भारत-विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए राज्य में डिजिटल अवसंरचना का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। ई-गवर्नेंस के माध्यम से शासन व्यवस्था अधिक पारदर्शी, त्वरित और नागरिक-केंद्रित बनी है। साथ ही बेहतर रिकॉर्ड प्रबंधन और नीतिगत निर्णयों में भी तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान अब केवल पर्यटन और विरासत का प्रदेश नहीं, बल्कि भारत के डिजिटल भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के बाद आयोजित राउंड टेबल चर्चा में उद्योग प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 100 से अधिक विश्वविद्यालय और लगभग 4 हजार कॉलेज हैं, जहां से हर वर्ष ढाई लाख से अधिक युवा रोजगार के लिए तैयार होकर निकलते हैं। यही युवा शक्ति राजस्थान की सबसे बड़ी ताकत है और सरकार उन्हें नवाचार, अनुसंधान तथा उद्यमिता से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।




मुख्यमंत्री ने बताया कि आई-स्टार्ट कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में 8,700 से अधिक स्टार्टअप विकसित हो चुके हैं। इन स्टार्टअप्स में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है तथा 48 हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। उन्होंने कहा कि एआई एक्सीलेंस सेंटर के माध्यम से उद्योग, स्टार्टअप, शिक्षण संस्थानों और सरकार के बीच नवाचार आधारित साझेदारी को और मजबूत किया जाएगा, जिससे युवाओं को वैश्विक अवसर उपलब्ध होंगे।

उन्होंने कहा कि राजस्थान डेटा सेंटर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में तेजी से निवेश आकर्षित कर रहा है। जयपुर में एसटीटी जीडीसी जैसी वैश्विक कंपनी ने एआई रेडी डेटा सेंटर स्थापित किया है, जबकि प्रदेश को डेटा सेंटर क्षेत्र में 43 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें एसटीटी जीडीसी, एज एशिया, नायो बोल्ट तथा यूटीडियम जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। सरकार बिजली, भूमि उपलब्धता, सिंगल विंडो क्लीयरेंस और उद्योग अनुकूल नीतियों के माध्यम से राजस्थान को देश का पसंदीदा एआई एवं डेटा सेंटर निवेश गंतव्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरित ऊर्जा की उपलब्धता, कम परिचालन लागत, पारदर्शी प्रशासन और उद्योग अनुकूल वातावरण राजस्थान की सबसे बड़ी ताकत हैं। स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए सरकारी खरीद प्रक्रिया में अनुभव और न्यूनतम टर्नओवर जैसी कई बाधाओं को समाप्त किया गया है। उन्होंने उद्योग जगत से आह्वान किया कि वे राजस्थान को केवल निवेश का केंद्र नहीं, बल्कि अनुसंधान, नवाचार, रोजगार सृजन और भविष्य की तकनीकों के विकास का साझेदार बनाएं।

राउंड टेबल चर्चा के दौरान उद्योग प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा सेंटर, क्लाउड, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर और स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, शासन सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार रवि कुमार सुरपुर तथा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न तकनीकी कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बाल संरक्षण को लेकर उदयपुर पुलिस सक्रिय, विशेष किशोर पुलिस इकाई की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रभावी संरक्षण को लेकर उदयपुर पुलिस ने विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों की जिला स्तरीय समन्वय एवं समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न विभागों और संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर किशोर न्याय अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, अंतर-विभागीय समन्वय तथा बाल सुरक्षा तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (महिला अपराध एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ) माधुरी वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों का संरक्षण पुलिस विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुरूप प्रत्येक बच्चे के साथ संवेदनशील, मानवीय और बाल हितैषी व्यवहार सुनिश्चित करें तथा बाल संरक्षण से जुड़े प्रत्येक मामले में समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई करें। साथ ही विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर बच्चों के लिए सुरक्षित और संरक्षणयुक्त वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया।



बैठक में यूनिसेफ राजस्थान की राज्य स्तरीय बाल संरक्षण सलाहकार सिंधु बिनुजीत ने विशेष किशोर पुलिस इकाई की भूमिका, किशोर न्याय अधिनियम-2015 के प्रमुख प्रावधानों तथा बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वैधानिक प्रपत्रों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्धारित प्रक्रियाओं और प्रपत्रों का सही उपयोग बच्चों के सर्वोत्तम हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष यशोदा पणिया ने समिति की कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए कहा कि देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को निर्धारित समय सीमा और वैधानिक प्रक्रिया के अनुसार बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। वहीं गायत्री सेवा संस्थान के प्रतिनिधि नितिन पालीवाल ने बाल श्रम और बाल तस्करी की रोकथाम पर विचार रखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में नियमित वाहन जांच, सतर्क निगरानी और अंतर-विभागीय समन्वय को मजबूत करने की आवश्यकता बताई।

महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक संजय जोशी ने सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं तथा महिलाओं और बच्चों के लिए उपलब्ध सामाजिक सुरक्षा एवं सहायता तंत्र की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संकटग्रस्त महिलाओं और बच्चों को एक ही स्थान पर परामर्श, विधिक सहायता, चिकित्सा और पुनर्वास जैसी समेकित सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। बैठक के दौरान बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों ने अपने क्षेत्रीय अनुभव साझा किए तथा विशेषज्ञों ने बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

### नांदेड़ पुलिस के 35 अधिकारी-कर्मचारी सेवानिवृत्त, सम्मान समारोह में दी गई भावभीनी विदाई




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नांदेड़।** नांदेड़ पुलिस विभाग में आयु पूर्ण होने पर 35 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को बुधवार को सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्ति दी गई। पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में सभी सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों का पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखी और सम्मानपूर्ण जीवन की कामना की गई।

सेवानिवृत्ति समारोह पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नांदेड़ में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. नीलाभ रोहन, अपर पुलिस अधीक्षक सूरज गुरव तथा प्रभारी पुलिस उप अधीक्षक (गृह) श्यामसुंदर टाक ने सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान करते हुए उनके लंबे और समर्पित सेवाकाल की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस सेवा में दिए गए उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा तथा उन्होंने सभी को स्वस्थ एवं सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

सेवानिवृत्त होने वालों में एक उपविभागीय पुलिस अधिकारी, 9 पुलिस उप निरीक्षक, 10 ग्रेड पुलिस उप निरीक्षक तथा 15 पुलिस अमलदार शामिल हैं। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी 30 जून 2026 को निर्धारित आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हुए।

समारोह में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पुलिस विभाग के अधिकारियों ने किया, जबकि आयोजन में पुलिस कल्याण विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त साथियों के उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

## ग्रामीण सेवा शिविर में वर्षों पुरानी राजस्व समस्या का समाधान, ग्रामीण को मिली राहत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। पंचायत समिति भीम की ग्राम पंचायत लाबागुड़ा में आयोजित शिविर में एक ग्रामीण की करीब 25 वर्ष पुरानी राजस्व संबंधी समस्या का मौके पर ही समाधान किया गया। ग्राम लाबागुड़ा निवासी छगनसिंह पुत्र हालीसिंह के राजस्व अभिलेखों में नाम संबंधी त्रुटि के कारण उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो रही थी। शिविर में आवेदन प्रस्तुत करने पर तहसीलदार भीम मनोज कुमार गर्ग के निर्देश



पर राजस्व टीम ने दस्तावेजों की जांच एवं सत्यापन कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की। जांच के बाद मौके पर ही नाम संशोधन का आदेश जारी कर उसकी प्रति आवेदक को सौंप दी गई। वर्षों पुरानी समस्या के समाधान से छगनसिंह और उनके परिवार ने राहत व्यक्त करते हुए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार जताया।

## नगर पालिका मनोहरपुर में आमजन को मिला त्वरित समाधान, पट्टा वितरण से लाभार्थियों के चेहरे खिले

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित शहरी सेवा शिविर-2026 के अंतर्गत नगर पालिकाक्षेत्रों में आमजन को विभिन्न नागरिक सेवाओं का त्वरित एवं पारदर्शी लाभ प्रदान किया जा रहा है। शिविर में पात्र नागरिकों को मौके पर ही विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण कर राहत दी जा रही है। इसी क्रम में शिविर के दौरान लाभार्थी धन्नी देवी को उनका लंबे समय से लंबित पट्टा प्रदान किया गया। पट्टा प्राप्त होने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि इससे उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ है तथा अब उन्हें अपने आवास से संबंधित आवश्यक कार्यों में सुविधा मिलेगी। धन्नी देवी ने राज्य सरकार, नगर पालिका मनोहरपुर तथा शिविर में उपस्थित




अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शहरी सेवा शिविर आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी पहल है, जिसके माध्यम से सरकारी सेवाएं सरल, सुलभ एवं समयबद्ध रूप से उपलब्ध हो रही हैं। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे शहरी सेवा शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाएं।

#### पहले दिन पुलिस अधिकारियों की संपर्क सभा और आत्मरक्षा प्रशिक्षित महिलाओं के साथ ऑनलाइन संवाद आयोजित

## उदयपुर पुलिस ने महिला सुरक्षा संकल्प अभियान का किया आगाज, 29 जुलाई तक चलेंगे जागरूकता कार्यक्रम

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से उदयपुर पुलिस ने बुधवार से महिला सुरक्षा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार शुरू हुआ यह राज्यव्यापी अभियान 1 जुलाई से 29 जुलाई 2026 तक प्रत्येक बुधवार आयोजित किया जाएगा। अभियान के पहले दिन पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों की संपर्क सभा के साथ आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं और छात्राओं के साथ ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित संपर्क सभा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (महिला अपराध एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ) माधुरी वर्मा सहित जिले के सभी पुलिस अधिकारी और कार्मिक मौजूद रहे। इस



दौरान महिला अपराधों पर त्वरित, संवेदनशील और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही महिला सुरक्षा योजनाओं, हेल्पलाइन सेवाओं और सुरक्षा कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए जमीनी स्तर पर आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर चर्चा की गई।

अभियान के दूसरे चरण में आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं, छात्राओं, महिला पीटीआई, सुरक्षा सखियों और मास्टर ट्रेनर्स के साथ विशेष ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण से मिले अनुभव साझा करते हुए बताया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण से उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है और वे स्वयं को अधिक सुरक्षित महसूस करती हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों से सुझाव भी लिए गए, ताकि भविष्य में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी एवं उपयोगी बनाया जा सके।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने कहा कि सुरक्षित महिला, सशक्त समाज और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए उदयपुर पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। अभियान के माध्यम से जिले की प्रत्येक महिला और बालिका को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि समाज में उनके लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

## 27 दिन में 2.12 लाख से अधिक यातायात नियम उल्लंघनों पर कार्रवाई

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** सड़क सुरक्षा को लेकर राजस्थान पुलिस का 4 से 30 जून तक चला विशेष यातायात अभियान सफल रहा। अभियान के दौरान 27 दिनों में 2.12 लाख से अधिक यातायात नियम उल्लंघनों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने अवैध काली फिल्म, नियम विरुद्ध नंबर



प्लेट, अनाधिकृत लाल-नीली बत्ती, हूटर, प्रेशर हॉर्न और संशोधित वाहनों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। अभियान के अंतिम दिन भी 11,388 चालान किए गए। पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।